तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026




11 मनरेगा की चार प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस का शांतिपूर्ण धरना व चक्का जाम





12 दलपत सागर दीपोत्सव में संघ और समाजों ने दिया नगद और सामान



## खबर संक्षेप

### एसआईआर बना सिरदर्द, जनता को किया जा रहा परेशान : मौर्य



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि महीनों से सरकार एसआईआर की प्रक्रिया करवा रही है। इस दौरान 2003 की पुरानी वोटर लिस्ट से मैपिंग किया जा रहा है। सरकार जनता को मानसिक रूप से परेशान कर रही है। पहले अपूर्ण दस्तावेज के नाम पर आम जनता को पेशी पर बुलाया जाता है। घंटों तक लाइन में खड़ा करवाया जाता है और अब दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को सुधारने नोटिस भेजने का कार्य कर जनता को बुलाया जा रहा है। जिससे लोग अपना समय और पैसा बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा एसआईआर संबंधित प्रक्रिया को सुगम तरीके से सम्पादित करे।

### यूजीसी को वापस लेने कलेक्टर को ज्ञापन



**जगदलपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा ने यूजीसी के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम, प्रतिलिपि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री और अध्यक्ष सचिव विश्वविद्यालय यूजीसी के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उप समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद ठाकुर, सचिव नोहर सिंह राजपूत, उप सचिव सतीश ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य गोपाल सिह राजपूत, रोहित सिंह राजपूत, राम सिंह राजपूत मुकेश सिंह राजपूत, महिला मंडल के अध्यक्ष सुषमा राजपूत उपाध्यक्ष किरण ठाकुर रश्मि राजपूत कोषाध्यक्ष सचिव सुरेखा चंदेल इंदू ठाकुर, रानू राजपूत, शिवानी ठाकुर लता ठाकुर, उर्वशी ठाकुर उपस्थित रहे।

### आड़ावाल चौक के नेशनल हाइवे में चक्काजाम से वाहनों के पहिए थमे रहे

# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने दिया धरना और किया घंटों चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



■ तहसीलदार को मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में आज मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत किसानों की धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आड़ावाल चौक पर धरना प्रदर्शन व सांकेतिक चक्का जाम किया गया। उसके बाद किसानों की समस्याओं के निराकरण व धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्री मौर्य ने कहा, सरकार धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी रखी है, लेकिन अब तक जिले में कई समस्या बनी हुई है। कई किसानों के टोकन आज पर्यंत तक नहीं कटे हैं। धान खरीदी के लिए केवल एक दिन शुक्रवार मतलब आज तक का समय शेष है। शनिवार और रविवार को शासकीय अवकाश के कारण सभी खरीदी केंद्र बंद रहेंगे। किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई। इससे किसान सबसे ज्यादा परेशान हो चुके हैं। किसानों का धान लेने का इस सरकार ने वादा किया था और अब धान लेने से क्यों यह सरकार मुकर रही है। वही बस्तर सहित कई जिले में करोड़ों का धान चूहे खा गए हैं और सरकार कार्यवाही की बजाए केवल खाना पूर्ति का कार्य कर रही है। छोटे अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। बड़े अधिकारियों पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों का हक छीनने नहीं दिया जाएगा। जब तक हर पात्र किसान का दाना-दाना नहीं खरीदी होगी तब तक कांग्रेस पार्टी विरोध करते रहेगी।

#### इन्होंने ने भी किया संबोधित

ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा, संग्रहण केंद्रों में उठाव नहीं होने से तौल की गंभीर समस्या बनी हुई है और कई किसानों का एक बार भी टोकन नहीं कट पाया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल व नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने संबोधन दिया।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,लेखन बघेल, नीलुराम, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, ब्लॉक अध्यक्षगण बलराम यादव, संतोष सेठिया,फूलसिंह बघेल, पूर्णिमा सिरिल, मंडल अध्यक्ष गणेश सेठिया, प्रणयशील,बलराम कोकड़ो,प्रभुदाश नाग सहित अन्य मौजूद रहे।

## शहर में कई घरों के टूटे ताले लाखों के जेवरात व नकद पार

**जगदलपुर।** बीती रात चोरों ने कोतवाली व परपा थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों को अंजाम देकर लाखों रूपए के जेवरात व नकद पार कर दिया। अज्ञात चोरों ने शहर के सनसीटी में रहने वाले व्यवसायी व डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के टॉईप पाईव में रहने वाले पांच डाक्टरों के घरों को निशाना बनाया है। पांच दिन पूर्व दंतेश्वरी मंदिर में हुए लाखों की चोरी का खुलासा नहीं हो सका है और चोरों ने फिर से लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया।

■ शू व्यवसायी के घर से 16 लाख से अधिक की चोरी

जानकारी के मुताबिक चोरी की पहली वारदात में चोरों ने सनसीटी निवासी शू व्यवसायी सुरेश मठानी के घर का ताला तोड़कर लगभग 15 तोला सोना व लगभग एक लाख रूपए नकद पार कर दिया। चोरों की यह करतूत सीसीटीवी में भी कैद हो गई जिसमें चोर लंबे चौड़े हथियार व औजार लिए दिखाई दे रहा है। चोरों ने घर की रखवाली कर रहे डॉग पर भी हमला ▸▸ शेष पेज 10 पर



#### डॉक्टर कालोनी के 5 डाक्टरों के घर का टूटा ताला

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के डॉक्टर कालोनी स्थित टाईप पांच में बीती रात चोरों ने एक साथ पांच घरों को निशाना बनाया। चोरों ने लाखों रुपये की नकदी, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही परपा पुलिस डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस डॉक्टरों से बयान ले रही है। चोरों ने डॉक्टरों के घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सभी डाक्टर परिवार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने पहले रेकी की और फिर घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी, सोने के आभूषण और अन्य सामान चुराकर फरार हो गए।

## खरीदी के आखिरी दिन तक नगरनार सोसायटी में पड़ा है 25 हजार क्विं धान

**जगदलपुर।** समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी आज खत्म हो गई। हरिभूमि ने अंतिम दिन 30 जनवरी को ओड़िसा सीमा पर स्थित नगरनार सोसायटी पहुंचकर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकतर किसान अपना धान बेच चुके हैं इसलिए आखिरी दिन 7 किसानों ने लगभग 100 क्विंटल धान बेचा। लेम्पस प्रबंधक भगचंद देवांगन परिसर में तौल कांटा स्वयं खड़े होकर करा रहे थे। वहीं सरपंच प्रतिनिधि रैनु बघेल आखिरी दिन खरीदी ▸▸ शेष पेज 10 पर



## बापू की पुण्यतिथि पर मांस मछली बिक्री पर बैन, बिकती रही शराब

**जगदलपुर।** महात्मागांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर हर वर्ष बंद रहने वाली शराब दुकानें 30 जनवरी को खुली रहीं और जमकर लोगों ने जमकर खरीददारी की। हालांकि पूर्व की तरह मांस, मछली व अन्य नानवेज की दुकानें बंद रहीं। मदिरा के शौकीनों को नानवेज की जगह चखने में नमकीन से काम चलाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को जिले की सभी मदिरा दुकानें भी खुली रही और लोगों ने जमकर शराब की खरीददारी की। शराब के शौकीनों को ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ शासन के कलेण्डर के मुताबिक इस वर्ष चार दिन रहेगा शुष्क दिवस



#### इस वर्ष चार शुष्क दिवस

शासन के कैलेण्डर के मुताबिक इस वर्ष चार दिन शराब दुकानें बंद रहेगी। इन शुष्क दिवस में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त व 26 जनवरी के अलावा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जंयती शामिल है और सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेगी।

अमन सिंह
जिला आबकारी अधिकारी, बस्तर।




**खबर संक्षेप**

## आस्था और भक्ति के साथ लगा कोपरा का पारम्परिक वार्षिक फूल बाजार मेला



**केशकाल।** जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपरा का पारम्परिक वार्षिक फूल बाजार मेला 29 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फूल बाजार मेला धूमधाम के साथ लगा। मेले में 12 पाली के देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया था। हजारों की संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण मेले में शिरकत करने पहुंचे। मेला समिति द्वारा किसी भी प्रकार का परेशानी ना हो इसके लिए सभी तरह की व्यवस्था की गई थी। इस बार मेले में काफी भीड़ रही। देवी देवताओं को मेला परिसर का भ्रमण कराया गया। मंदिरों में गांव की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना की गई। ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, माता पुजारी,गायता, पटेल, कोटवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी और देव समिति, युवा संगठन के सदस्य और आसपास के लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय किसान मेला व पुष्प फल–सब्जी प्रदर्शनी आज से

**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा कृषकों एवं आम नागरिकों को उद्यानिकी, पुष्प, फल–सब्जी उत्पादन तथा सजावटी पौधों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 31 जनवरी से 1 फरवरी तक दो दिवसीय किसान मेला, संगोष्ठी सह पुष्प–फल–सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत गृह उद्यान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रदर्शनी एवं विक्रय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे कृषकों और नागरिकों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा। मेले में जिले के कृषकों एवं नागरिकों द्वारा स्वयं तैयार किए गए सजावटी पुष्प पौधे, मौसमी फूल, छत पर उगाई गई सब्जियाँ टैरेस गार्डन, बोन्साई, सक्यूलेंट, हैंगिंग प्लांट एवं स्वनिर्मित पौध आधारित कलाकृतियों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। किसान मेला एवं पुष्प–फल–सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन बांधा तालाब गार्डन, कोण्डागांव में किया जाएगा, जहाँ आम नागरिकों को नवाचार और आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों से रू–बरू होने का अवसर मिलेगा।

## बाबा साहेब सेवा संस्था में पंचु ने फहराया तिरंगा

**कोण्डागांव।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाबा साहेब सेवा संस्था, कोर्ट चौक कोंडागांव में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पंचु सागर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वज फहराने के पश्चात उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और बंधुता का मार्ग दिखाते हैं। सभी से संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

# नवसाक्षर व असाक्षर महिला–पुरुषों की सीखने की रुचि को बढ़ाया

**पांचों विकासखण्डों के ग्रामों में उत्साहपूर्वक हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कोण्डागांव के कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, केशकाल एवं बड़े राजपुर विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत उल्लास मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वयंसेवकों एवं ग्राम प्रभारियों द्वारा उत्साह और सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। उल्लास मेला की विशेषता यह रही कि गांवों के नवसाक्षर एवं असाक्षर महिला–पुरुषों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। चित्रें के माध्यम से शब्द पहचान, अक्षर जोड़कर पढ़ना, अंकों की समझ तथा सरल लेखन अभ्यास जैसी गतिविधियों ने सीखने की रुचि को और बढ़ाया। मेले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने प्रतिभागियों को सीखने के लिए प्रेरित किया। कई स्थानों पर नवसाक्षरों को अंकसूची एवं अभ्यास सामग्री भी वितरित की गई, जिससे वे निरंतर अभ्यास कर सकें। जिला कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में जिलेभर में सर्वे, पंजीयन, मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर–बैनर एवं घर–घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों, शासकीय–अशासकीय विभागों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मनरेगा कर्मियों, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यक्रम को जन–आंदोलन का रूप दिया गया है।

### साक्षरता से जीवन स्तर सुधारने का संदेश

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि पूरे उल्लास मेला आयोजन में उत्साह, उमंग एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना–लिखना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं, डिजिटल सेवाओं, आत्मनिर्भरता, अधिकारों की समझ और जीवन स्तर सुधारने का सशक्त माध्यम है। मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का संचालन नवसाक्षरों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षार्थियों द्वारा किया गया। अक्षर पहचान, मात्र ज्ञान, शब्द निर्माण, चित्र पहचान, गिनती, जोड़–घटाव जैसे विषयों को चार्ट, चित्र, कार्ड, कंकड़ एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से रोचक और सरल रूप में प्रस्तुत किया गया।



### मार्च 2026 की महापरीक्षा में शत–प्रतिशत सहभागिता का लक्ष्य

प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी 15 वर्ष से अधिक आयु का नागरिक शिक्षा से वंचित न रहे और मार्च 2026 की महापरीक्षा में शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। कक्षा 9वीं से 12वीं तक स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा 200 घंटे तक कक्षा संचालन कर असाक्षरों को साक्षर बनाने पर बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस का प्रावधान भी किया गया है।

## नारायणपुर जिले को मिली 351 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# नियद नेल्लानार योजना से बस्तर के 400 से अधिक गांव हुए आबाद : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

■ लाल आतंक से रूके विकास को अब मिल रही है गति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर जिलावासियों को अनेक सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने हाई स्कूल मैदान में आयोजित बस्तर पण्डुम के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 351 करोड़ 49 लाख 45 हजार रूपए के 357 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लाल आतंक समाप्ति की ओर है, जिससे विकास को गति मिल रही है। माओवाद के कारण यह क्षेत्र लम्बे समय से विकास से अछूता रहा, अब यहां नवाचार हो रहे हैं।

नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आज अपराह्न संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से प्रदेश सरकार ने माओवाद मुक्त करने के लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना से चलते बस्तर के 400 से अधिक गांवों में विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के विकास की पहुंच सुनिश्चित हुई है।



आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में उन्हें कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आजीविका प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही बस्तर को विकास के सभी आयामों से जोड़ने यहां पर्यटन विकास, खेती-बाड़ी, पशुपालन जैसे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प मुख्यमंत्री ने दोहराया। श्री साय ने यह भी कहा कि आदिवासी संस्कृति और पारम्परिक विरासतों को सहेजने व संजोकर रखने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार बस्तर पण्डुम का आयोजन कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से जनजातीय सभ्यता और धरोहरों की जड़ों से जुड़कर रहने का आह्वान किया।

**मुख्यमंत्री ने की 332 करोड़ के छह निर्माण कार्यों की घोषणा की :** इस दौरान मुख्यमंत्री ने 6 निर्माण कार्यों की घोषणा की, जिनकी अनुमानित लागत 332 करोड़ रूपए है। इसमें 125 किलोमीटर लम्बे मार्ग नारायणपुर के ओरछा-आदेर-लंका-बेदरे -कुटरूमैमेड जिसकी लागत राशि-250 करोड़ रूपए है।

यह नारायणपुर जिले को बीजापुर जिले से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसमें जिले के अंदरूनी क्षेत्र के ईदवाया, एडजुम, आदेर, कुड़मेल, ढोढरीबेड़ा, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका जैसे ग्राम जुड़ते हैं। इसी तरह राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग में सतह मजबूतीकरण कार्य की घोषणा की, इसकी लंबाई 28 कि.मी जो लगभग 34 करोड़ से तैयार होगी। यह नारायणपुर जिले को दंतेवाड़ा जिले में जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसी तरह नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग पर 28 किमी के सतह मजबूतीकरण कार्य, लंबाई 28 कि.मी. की घोषणा (राशि-34 करोड़ 12 लाख) - यह मार्ग जिले को महाराष्ट्र बार्डर तक जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसमें जिले के ब्रेहबेड़ा, कुरूषनार, बासिंग, सोनपुर ग्राम जुड़ते हैं। इसके अलावा ब्रेहबेड़ा (नारायणपुर)-कंदाड़ी-कीहीकाड़-मुरनार-बेचा मार्ग पर घुड़साल नाला पर उच्चस्तरीय सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, जिसकी लंबाई 80 मीटर तथा लागत राशि-12 करोड़ 42 लाख है। साथ ही नारायणपुर जिला अंतर्गत अबुझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में प्रारंभ किये गए 10 वैकल्पिक प्राथमिक शाला 'घमण्डी, वाला, जटवर, नेलनार, रोहताड़, हितावाड़ा, मोडनार, तोके, कोडटामरका एवं कोडोली' के स्कूल सेटअप एवं भवन, तथा तोके में आश्रम शाला भवन की स्वीकृति की घोषणा की, जो 01 करोड़ 06 लाख रूपए से तैयार होगा। इसी तरह जिले के एज्युकेशन हब, गरांजी मे खेल मैदान की घोषणा की घोषणा की जिसका निर्माण 50 लाख रूपए की लागत से होगा।

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के सशक्त और निर्णायक नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश से सशस्त्र माओवाद के आतंक का पूर्णतः अंत हो जाएगा। नारायणपुर जिला भी शीघ्र ही नक्सल मुक्त होकर शांति, विकास और समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ेगा। इसके पहले, बस्तर सांसद महेश कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय संस्कृति और परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। बस्तर की संस्कृति और विरासत की पूरे विश्व में अलग पहचान है।

## धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग पर कांग्रेस, किसानों ने किया चक्काजाम



**केशकाल/विश्रामपुरी।** धान खरीदी की तारीख बढ़ाने को लेकर पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ेराजपुर ने विश्रामपुरी मार्ग पर चक्काजाम किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कई घंटे सड़क जाम प्रदर्शन कर नारेबाजी की। चक्का जाम किसानों के धान खरीदी में हो रही समस्या को लेकर किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने फरवरी तक धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की। पूर्व विधायक संतराम नेताम का कहना है कि सरकार धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी रखी है, लेकिन अब तक जिले में कई समस्या बनी हुई है। कई किसानों के टोकन नहीं कटे हैं, ऐसे में अब धान बेचने के लिए किसानों के पास महज 2 दिन बचे हुए हैं। किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। हजारों किसानों का धान नहीं खरीदा गया है। यह स्थिति भाजपा सरकार की पूर्ण विफलता व प्रशासनिक अराजकता को दर्शाती है।

**कई समस्याओं से जूझ रहे किसान :** संतराम नेताम ने आगे कहा कि जिले में जिस तरीके से लक्ष्य पूरा होने की बात कही जा रही है, वो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि टोकन की समस्या, खरीदी लिमिट में कटौती और जानबूझकर प्रक्रिया को धीमा रखना किसानों के साथ अन्याय है। भाजपा नेता कई मंच से किसान हितैषी होने का ढोंग करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए खरीदी केंद्र के चक्कर काटने को मजबूर है।

# जिला स्तरीय 'बस्तर पंडुम 2026' का भव्य शुभारंभ



**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित बस्तर पंडुम 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का बुधवार को स्थानीय ऑडिटोरियम में भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत माकड़ी अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनपद सदस्य श्रीमती ममता नेताम, जितेन्द्र सुराना सहित विभिन्न समाज प्रमुख एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों द्वारा जनजातीय नृत्य एवं जनजातीय लोकगीतों की आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जनजातीय वाद्ययंत्रें, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषणों तथा जनजातीय वन औषधियों का भी प्रदर्शन किया गया। जिससे बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली।

**12 विधाओं में विकासखंड स्तरीय विजेताओं का प्रदर्शन** – जिला स्तरीय बस्तर पंडुम में बस्तर की जनजातीय कला एवं संस्कृति पर आधारित कुल 12 विधाओं में विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम के विजेता प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## माकड़ी एवं बड़ेराजपुर में निकाली गई सीपीआई की उत्सव यात्रा

**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई के 100 वर्ष पूर्ण कर 101वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर सी पी आ ई जिला परिषद कोंडागांव द्वारा उत्साहपूर्वक उत्सव यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। 25 जनवरी को जिले के माकड़ी एवं बड़ेराजपुर तहसील में लाल सलाम के नारों के साथ भव्य उत्सव यात्रा निकाली गई। उत्सव यात्रा में सीपीआई राज्य परिषद सचिव मंडल सदस्य का. तिलक, जिला सचिव का. शैलेष, सहायक सचिव द्वय जयप्रकाश, दिनेश साथ ही सोमारु, बिसम्बर, सरादू, दुबेश, रामचंद, यशोदा, रामलाल नेताम, शिवशंकर ध्रुव, संतलाल, आशीष, फगनू, मांहगू, घसियाराम, मानसिंग, केशव, पंचम, सोमनाथ सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे कम्युनिस्ट साथी उपस्थित रहे। सीपीआई एवं संघर्ष के प्रतीक हंसिया–हथौड़ा तथा हंसिया–बाली निशान वाले लाल झंडों के साथ कार्यकर्ताओं ने लाल सलाम के नारों के बीच उत्सव यात्रा को उत्साह के साथ संपन्न किया।उत्सव यात्रा की शुरुआत तहसील मुख्यालय माकड़ी से चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों द्वारा की गई।



# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर निकली विशाल नशामुक्ति रैली

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के अंतर्गत संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया।




रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्र–छात्राओं ने ग्राम जैतपुरी का भ्रमण करते हुए नशे के दुष्परिणामों से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे गगनभेदी नारों से पूरा गांव गूंज उठा। विद्यालय के प्राचार्य राजेश पांडे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने नशे से दूर रहकर स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति पर आधारित गीत नशा न करना मन मो कहना मेरे भाई–बहना का सस्वर गायन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अनुकरण वाचन किया।

इस अवसर पर शहीद दिवस के रूप में महात्मा गांधी के राष्ट्र निर्माण एवं नशामुक्त भारत की परिकल्पना में उनके योगदान को भी स्मरण किया गया और उनके आदशोंर् को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

**सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन** – कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया। जिसमें शांति, सद्भाव एवं स्वस्थ समाज की कामना की गई।

नशामुक्ति रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

**आयोजन को लेकर मेला उत्सव आयोजन समिति की बैठक**

# हरवेल का पारंपरिक वार्षिक फूल बाजार मेला लगेगा 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के केशकाल अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत हरवेल में आयोजित होने वाला पारंपरिक वार्षिक फूल बाजार मेला के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। मेला आयोजन की तैयारियों को लेकर शीतला माता मंदिर, तरईबेड़ा हरवेल में रसन जात्र के साथ मेला उत्सव बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मेला से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष पारंपरिक फुल बाजार मेला 14 फरवरी को आस्था, श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम ने जानकारी दी कि हर वर्ष यह मेला मार्च माह में आयोजित होता था, लेकिन इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तथा शनिवार का दिन होने के कारण मेला तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस दौरान सरपंच महेश कुमार नेताम, गायता मंगतर मंडावी, माता पुजारी रामलाल मंडावी, लच्छू मंडावी, ईश्वर नाग, देव समिति अध्यक्ष सोमनाथ मंडावी, उपाध्यक्ष महेश नेताम, हीरामन नेताम, हरिलाल कोर्राम, सुकमन पटेल, बलराम मंडावी, धनसाय मंडावी, सहादेव नेताम, नेहरू मंडावी, सूर्यपाल मंडावी, गोविंद मंडावी, रामप्रसाद नाग, जयसिंह मंडावी, प्रेमलाल नाग, जोहन नेताम सहित मेला समिति के सदस्य, युवा संगठन के सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### 9 ग्रामों के देवी–देवताओं को किया जाएगा आमंत्रित

इस अवसर पर आसपास के 9 ग्रामों के देवी–देवताओं को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि परंपरा के अनुसार मेला उत्सव शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। आयोजन को लेकर अनुमान लगाया जा रहा है कि आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मेले में शामिल होंगे।

पेज 9 के शेष

### शहर में कई घरों के...

किया है। बताया जा रहा है कि चोरी की वारदात देर शाम अंजाम दिया गया। चोरी की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस के अलावा आला अफसरों ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शू व्यवसायी के घर से कुल कितने की चोरी हुई है इसकी अधिकारिक जानकारी नही मिली है लेकिन बताया जा रहा है लाखों के गहने और नगदी चोरो ने पार कर दी है। जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया उस दौरान शू व्यवसायी सुरेश मठानी शाम करीब 7 बजे अपने परिवार के साथ बहू की डिलीवरी के लिए डिमरापाल अस्पताल गए थे। रात करीब 10 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि घर की अलमारियां टूटी हुई थीं और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी सहित करीब 15 से 16 लाख रुपये का की चोरी को अंजाम दिया हैं। चोरों ने घर के पीछे से प्रवेश किया और योजनाबद्ध तरीके से चोरी को अंजाम दिया।

### खरीदी के आखिरी...

व्यवस्था को देखने सोसायटी पहुंचे। उन्होंने किसानों और लेम्पस के लोगों से चर्चा कर संतोष जताया। बताया गया कि इस साल खरीदी के दौरान बारदाना की कमी नहीं हुई वहीं खरीदी के बाद राशि बैंक खाता में जल्दी डाल दिया गया। बस उठाव में हमेशा की तरह देरी की गई। कुल खरीदी लगभग 28 हजार क्विंटल में से लगभग 25 हजार क्विंटल खुले में पड़ा हुआ है। इस तरह लगभग 3 हजार क्विंटल धान का ही उठाव हुआ है। बताया गया कि 6 करोड़ 45 लाख की कुल खरीदी में 3 करोड़ 97 लाख का शुद्ध भुगतान किसानों को किया गया । वहीं 2 करोड़ 47 लाख की कर्ज वसूली भी की गई। इस सोसायटी में धान बेचकर 469 किसानों ने लाभ प्राप्त किया।

**अंतिम दिन इन किसानों ने बेची :** परिसर में भ्रमण के दौरान टोकन कटाने वाले 7 किसान धान लेकर सोसायटी आए थे। इनमें महदी, सुकमन, जलंधर, खगपति, शैलजा डोरिस, डेनियल, सूर्यनाथ और सोमल बघेल शामिल थे। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन धान का तौल हो गया है।

### बापू की पुण्यतिथि पर मांस...

पता था कि महात्मागांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व की तरह शराब दुकानें बंद रहेगी इसे देखते हुए दुकानों में दोपहर तक भीड़ भाड़ कम रही लेकिन धीरे धीरे शौकीनों को पता लग गया कि दुकानें खुली उसके बाद शाम होते होते शराब दुकानों मे शराब लेने वालों की संख्या में ईजाफा होता रहा। लोगों ने इस दौरान जमकर शराब खरीदी की। कुछ शराब लेने वालों ने बताया कि शराब तो मिल रही है लेकिन नॉनवेज का जुगाड़ नहीं हो पाया इसे देखते हुए आज नमकीन से ही काम चलाएगें। बताया जा रहा है कि शासन के आदेश के मुताबिक प्रदेश के सभी शासकीय शराब दुकानें व बार खुली रही।

## खबर संक्षेप

### पकोड़ा, गुपचुप खरीदी कर बच्चों को किया उत्साहित



**भानपुरी।** सेजस सालेमेटा 1 में कक्षा 11वीं कामर्स के विद्यार्थियों के द्वारा व्यापार मेला का आयोजन कर व्यापार में केवल लाभ ही होता है सिद्ध किया। जिसमें बड़ी संख्या में संकुल के शिक्षक एवं गांव के लोग भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए एवं बच्चों के द्वारा बनाए गए चाइनीज पकोड़ा, गुपचुप, भजिया आदि की खरीदी कर बच्चों को उत्साहित किया गया। जिस हेतु इस व्यापार मेला को गाइड करने वाले कामर्स के व्याख्याता गोविंद साहू एवं प्रभारी प्राचार्य जुम्मन बघेल, स्टाफ टीडी साहू, जीसी साहू, अमला, सानू, पोयम, ठाकुर मेम, कश्यप मेम आदि के द्वारा बच्चों के इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा किया गया।

### खिलाड़ी पहुंचे दिल्ली दिखाएंगे स्पर्धा में दम



**घाटलोहंगा।** बस्तर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित नेशनल रग्बी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। घाटलोहंगा बस्तर के खिलाड़ियों अपनी पहचान देश की राजधानी दिल्ली में अपना दमखम दिखाएंगे। टीम के साथ पीटीआई और छत्तीसगढ़ के कोच के साथ 30 जनवरी से 3 फरवरी अपने लोहा मनवाने दिल्ली में रहेंगे।

### विद्यार्थियों ने गीत, कविता और नृत्य की दी प्रस्तुति



**तोकापाल।** बस्तानार ब्लॉक के अंतर्गत शाउमावि बागमुंडी पनेड़ा में हर वर्ष के भांति कुछ अलग देखने को मिला। इस वर्ष गणतंत्र दिवस हर साल से थोड़ा हट कर मनाया गया। जिसमें सभी संस्थाओं पंचायत, अस्पताल व सभी शालाओं में ध्वज फहराने के बाद बच्चे और ग्रामीण सब एक साथ एक स्थान शाउमावि बागमुंडी पनेड़ा, विकासखण्ड बास्तानार जिला बस्तर में झंडा पण्डुम तिहार के रूप में आयोजन किया गया। जिसमें गांव के गायता, पटेल, प्रबुद्धजन, युवा समिति, सभी संस्थाओं के कर्मचारी, बच्चे तथा छात्र-छात्राएं गीत, कविता और नृत्य की प्रस्तुति दी। उसके बाद भोजन कर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक मिल कर बस्तर संस्कृति की झलक ढोल नाचा करसाड़ नृत्य का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की भी बढ़चढ़ के भागीदारी रही। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मिष्ठान दिया गया।

## निधन

### दीपी देवी मोदी



**जगदलपुर।** ओसवाल जैन समाज के सुश्राविका दीपी देवी मोदी धर्मसहायिका स्व. विलमचंद मोदी (85) का आज प्रातः 8 बजे निधन हो गया। अंतिम यात्रा दोपहर में मेन रोड स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। वह महिपाल, नीलम, प्रवीण, शैलेन्द्र, किशोर एवं संगीत की माता थी।

# महात्मा गांधी के नाम पर भाषण, बलिदान दिवस पर शराब बिक्रीः गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के दिन शराब दुकान खुली रहने और मांस विक्रय किए जाने को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में आज शराब दुकान के सामने धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए गए। धरना स्थल पर महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर बैठे युवा कांग्रेसियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन को राष्ट्रपिता के आदर्शों की कोई परवाह नहीं है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गांधी के नाम पर भाषण देने वाली सरकार उनके बलिदान दिवस पर शराब बिकवाकर और मांस विक्रय की अनुमति देकर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है।

गणेश दुर्गा ने कहा कि यह पूरी तरह से प्रशासनिक विफलता है। यदि समय रहते शुष्क दिवस घोषित किया गया होता तो यह



स्थिति पैदा ही नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आज युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है, जो समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए घातक है। युवा कांग्रेस द्वारा इस मामले को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि महात्मा गांधी जयंती, बलिदान दिवस सहित सभी राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के दिवसों पर शुष्क दिवस घोषित किया जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेसियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि नगर प्रशासन जनभावनाओं को नजरअंदाज कर सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगे भी ऐसे पवित्र और ऐतिहासिक दिनों पर शराब दुकानें खुली रहीं तो युवा कांग्रेस द्वारा और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान शहर ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, जिला महामंत्री अजय मरकाम मनोज कौरव, आकश विश्वास, पार्षद राधा नाग, करण तामो, लचुराम मंडावी, सहदेव संतोष नायर, करन इक्चम, नाग, राकेश मंडावी, गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, कविश वट्टी, अरुण सोनानी, सुनील जोशी, वरुण तामो, अभिषेक सलाम, वसीम खान, अंकुर वासुदेव अन्य साथी मौजूद थे।

### मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमले बंद नहीं हुए तो आंदोलन होगी तेज

# मनरेगा की चार प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस का शांतिपूर्ण धरना व चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

मनरेगा एक्ट एवं मजदूरों से जुड़ी चार प्रमुख मांगों को लेकर शुक्रवार को गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शांतिपूर्ण धरना एवं चक्का जाम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता

■ मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : सुराना

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर फूल-माला अर्पण एवं मौन धारण कर की गई। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा ने की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विमल सुराना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।

प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने धरना प्रदर्शन की 4 प्रमुख मांगें, काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी एवं जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम मजदूरी 400 प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पूजा गुप्ता, सरपंच फरसपाल दीपमाला कर्मा, स्नेहा पिल्लै, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, जिला सचिव अनिल सोनी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आसिफ रजा, मिडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, गीदम नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष सोहन यादव, गौरव सुराना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धरना एवं चक्का जाम पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा एवं मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमले बंद नहीं हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**लोहंडीगुड़ा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक लोहंडीगुड़ा के सामने बीजेपी सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। मनरेगा कोई योजना नहीं गरीबों मजदूरों की अधिकार है, इस अधिकार की रक्षा के लिए अंतिम गांव तक संघर्ष जारी है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी सरकार पर मनरेगा में कटौती, धान खरीदी में घोटाला, बढ़ते बिजली बिल और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों से गरीब, किसान और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। जनता के हक और अधिकारों की अनदेखी कर सरकार केवल वादाखिलाफी कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा अध्यक्ष ललित पांडे ने कहा भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी के नाम चल रही मनरेगा योजना के नाम बदलकर एवं नियमों में छेड़छाड़ कर गरीब मजदूरों को रोजगार से वंचित करने की साजिश को जनता के सामने वे नकाब किया। विरोध स्वरूप जमकर नारेबाजी की गई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की । कार्यक्रम में प्रभारी मुकेश गुप्ता, संतोष यादव, युवा कांग्रेस चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष भंवर लाल मौर्य समस्त महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अब्दुल सलाम, गढ़िया मंडल अध्यक्ष मदन पेगड, नवीन पांडे, सूरज कश्यप विधियाधर कश्यप, विनता सरपंच सतसपुर सरपंच, केदार सिंह डेक , वासु नाग कस्तूरपाल जनपद सदस्य लक्ष्मण करटामी, विजय उइके, रूपसिंह कश्यप, महेन्द्र भंडारी, सुरेश नायक, सदन कश्यप, मुना लाल, लक्की एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बस्तर की बेटी ने हासिल की गोल्ड मेडल




**बस्तर।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग में आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने रौनक आरा, पत्नी डॉ. शहबाज़ शाह को बीएफएससी सत्र 2019–20 के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया । रौनक आरा, सेंट्रल सिल्क बोर्ड बस्तर में कार्यरत टीएच सिद्दीकी, तकनीकी अधिकारी की पुत्री हैं। वे प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं। इस उपलब्धि से बस्तर क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

### बच्चों की स्क्रीनिंग कर उपचार के लिए भेजा गया



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मडसे अंतर्गत ग्राम पंचायत नागुल में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आस-पास के आंगनबाड़ियों के सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करके उनका उपचार किया गया एव गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर गीदम रेफर किया गया। इस दौरान मेले में आये हुए शिशुवती महिलाओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई एव उन्हें संतुलित आहार खान-पान के बारे में बताया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं का ए .एन .सी जांच कर उन्हें आयरन एव कैल्शियम की दवाईया प्रदान की गई। शिविर में आए हुए समस्त महिला एव ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्रामीण सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतिक अंसारी द्वारा आंगनबाडी में बच्चों को भेजने के लिए प्रेरित किया गया और सभी को टीकाकरण का महत्व बताया गया इसके साथ ही गैर संचारी रोगो के बारे में भी जानकारी दी गई। वही बच्चों को यहां उपहार देकर प्रोत्साहित भी किया गया। आईसी डी एस सुपरवाइजर आनिमिका द्वारा सभी आए हुए महिलाओं को कुपोषण से बचाने के उपाय बताएं गए साथ ही एनआरसी सेंटर आने के लिए सलाह दी गई ।

## मनरेगा बचाओ संग्राम व धान खरीदी की समय अवधि आगे बढ़ाने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस ने आज एनएच जाम कर प्रदर्शन किया। मनरेगा बचाओ संग्राम व धान खरीदो की अवधि बढ़ाने की मांग

■ एनएच पर चक्का जाम कर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

करते हुए कांग्रेस ने नारे लगाते हुए एनएच को तकरीबन आधे घंटे तक मार्ग बाधित किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी के मार्गदर्शन में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कोंटा ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उस्मान अली के नेतृत्व में कोंटा बस स्टैंड के सामने एनएच जाम कर नारे लगाए गए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण रूप से विरोध दर्ज कराया गया। इस कार्यक्रम में कोंटा नगर पंचायत की अध्यक्ष मौसम जया जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख मुनीर, पार्षद कट्टम सत्ती, सुधीर पांडेय, पार्षद सुरेश कुमार, सेमल सूरज, विक्रम, प्रियंका अंजु गुप्ता, अल्ताफ खान , बंसल, सत्तू, विन्नू, सब्बीर, नामीर, पुष्पा, कुमारी, राधिका, अलवानी, अहमद, रमन, फैज अली सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 17 छात्राओं को मिली साईकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

सुकमा जिले के विकासखंड कुकानार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकानार में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत 17 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों को सायकल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि सरस्वती सायकल वितरण योजना राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना तथा विशेषकर बालिकाओं



की विद्यालय तक पहुंच को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा।

गोयल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। आज सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाकर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और आगे चलकर अपने माता-पिता, गांव और जिले का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को सही मार्गदर्शन प्रदान करें और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आयता मण्डावी, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, उपेंद्र सिंह चौहान, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हिरमा कुंजाम, रिन्टु भदौरिया, नन्दा मण्डावी, मुन्नु सिंह, जलन कश्यप, सिताराम नाग, सुरेश चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुदृढ़ीकरण व युवाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि,शिक्षा,कौशल विकास एवं युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़े संस्थानों की गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा का भ्रमण कर केंद्र की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त इकाइयों के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के निर्देश देते हुए सभी इकाइयों को पुनः किसानोपयोगी बनाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए तकनीकी ज्ञान, नवाचार एवं प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है, अतः इसकी आधारभूत संरचना मजबूत होना आवश्यक है। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश द्वारा केंद्र की परियोजनाओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कृषक प्रशिक्षण सभागार, बायो-फ्लॉक, किसान छात्रावास, मशरूम, कड़कनाथ, बीज गोदाम, डेयरी, बत्तख एवं बकरी पालन तथा प्राकृतिक खेती इकाइयों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

## अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी क्रियान्वयन करेंः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का जिला स्तरीय शुभारंभ इन्द्रावती सभाकक्ष बीजापुर में किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिकाध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, लच्छूराम मोड़ियामी, पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिक घासी राम नाग, संजय लुक्कड़, श्रीनिवासन मुदलियार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक उसूर में जनभागीदारी, आपसी समन्वय और विभागीय सहयोग से नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की।

नगरपालिकाध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से आपसी सहयोग के माध्यम से सभी प्रमुख संकेतकों में पूर्ण सैचुरेशन प्राप्त करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नम्रता चौबे ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 का संचालन 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता एवं पशुपालन से जुड़े प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## देश भक्ति के रंग में रंगा नगर



**बचेली।** नगर के सभी शासकीय, अर्धशासकीय व शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरा नगर देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। नगर पालिका प्रांगण के साथ-साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल पीएम विद्यालय प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का वंदन किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने समस्त नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री का संसद वाचन पश्चात नगर के सभी शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राजू जायसवाल द्वारा समस्त प्रतिभागी बच्चों को इनाम वितरित किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष के साथ समस्त पार्षद गण, पालिका अधिकारी कर्मचारी, समस्त शालाओं के अध्यापक प्राचार्य विद्यार्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता तथा आम जन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## न्यायालय तहसीलदार नानगुर, जिला बस्तर, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ 202509150100006/24/ अ-20 (3) / 2024-2025

ग्राम जाटम, तहसील नानगुर

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा ग्राम जाटम प.ह.नं. 01 तहसील नानगुर जिला बस्तर के सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विभाग कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.), छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं.लिमि. जगदलपुर के पत्र क्रमांक /12-11 / सामा. / 3959, जगदलपुर 04.12.2024 के द्वारा 12 ग्राम में आर.डी.एस.एस. योजना के तहत प्रस्तावित 33/11 केव्ही. नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिये एक एकड़ शासकिय भूमि आबंटन की मांग की गई हैं, जिसके तहत ग्राम जाटम प.ह.नं. 01, रा.नि.म. नानगुर तहसील नानगुर, जिला बस्तर स्थित आबादी मंद की शासकिय भूमि खसरा नं. 0.770 हे. भूमि में से 0.40 हे. भूमि का चयन किया गया हैं। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2025 दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे नियत की गई हैं। जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो उक्त सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं, समयोपरांत किसी के आवेदन पर विचार नही किया जावेगा

द्वारा कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., जगदलपुर,

तहसीलदार नानगुर

## खबर संक्षेप

### महापौर के साथ पार्षदों ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



जगदलपुर। बस्तर के नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा से महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में नगर पालिका निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन सहित भाजपा पार्षदों ने कलेक्ट्रेट में सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न दिया गया। महापौर ने शहर से जुड़े प्रमुख मुद्दों को विस्तारपूर्वक बताया। इनमें दलपत सागर, गंगामुंडा तालाब, संजय बाजार, नया बस स्टैंड तथा शहर में बढ़ती अतिक्रमण की समस्या प्रमुख थे। दलपत सागर एवं गंगामुंडा तालाब को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में संभावनाओं पर विचार-विमर्श भी किया गया। साथ ही संजय बाजार एवं नए बस स्टैंड को सुव्यवस्थित करने तथा शहर के समग्र विकास को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर शहर के विकास हेतु मिल-जुलकर कार्य करने का आश्वासन दिया।

### नानगुर में विद्युत कंपनी का रजत महोत्सव




जगदलपुर। विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी के निर्देश पर नानगुर विवरण केंद्र के अंतर्गत नानगुर गांव में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्युत कंपनी के पच्चीस साल के उपलब्धियां बताई गई है। महोत्सव में सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शामिल होने बस्तर के 6 खिलाड़ी रवाना

जगदलपुर। सीएम ट्राफी ओपन नेशनल बॉडी बिल्डिंग एवं मेन्स फिजिक्स चैम्पियनशिप दल्लीराजहरा जिला बालोद में होगी। जिसका आयोजक शहीद वीर नारायण सिंह व्यायाम शाला दल्लीराजहरा है।
जिसमें सम्मिलित होने के लिए बस्तर से प्रतिभागी रोहित पटनायक, शशिकांत बराड बजरंग जिम नगरनार, रूपेश बघेल, अंकित विश्वास और राजेन्द्र यादव जगदलपुर तथा आशिष बाघो कोटपाड़ ओड़िसा रवाना हुए। उनके साथ हेड कोच आरएम राजपूत, कोच साउल सारथी और दत्ता राजपूत भी गए। प्रतियोगिता 31 जनवरी और 1 फरवरी को होगी।

### बस्तर के साहू समाज के पदाधिकारी हुए शामिल

जगदलपुर। कांकेर में आयोजित युवक युवती सम्मेलन में बस्तर जिला साहू समाज के लोग शामिल हुए तथा सामाजिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष हरि लाल साहू ने दी।


# दलपत सागर दीपोत्सव में संघ और समाजों ने दिया नगद और सामान

## महापौर और नगर निगम ने सभी दान दाताओं का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दलपत सागर दीपोत्सव निरंतर 32 दिनों तक आयोजित किया गया। दलपत सागर बचाव एवं दीपोत्सव समिति के साथ वी.डी.एस. संस्था तथा स्वच्छता एंबेसडरों के सहयोग से विभिन्न समाज, संघ, चैतन्य मंडली, स्वदेशी जागरण मंच, युवोदय की टीम, गेल्वे टीम ब्रदर्स एसोसिएट, यातायात पुलिस एवं 5वीं बटालियन कंगोली, बादल टीम ने 31 दिनों तक प्रतिदिन 101 दीपों का प्रज्वलन किया। दलपत सागर दीपोत्सव का आयोजन जन सहयोग एवं दान सामग्री से पूर्ण हुआ।

नगद सहयोग प्रदान करने वाले दानदाता में बस्तर परिवहन संघ 1 लाख, क्षत्रिय सभा बस्तर और सिख समाज 51-51 हजार, ब्रह्म (खत्री) क्षत्रिय समाज, संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ, बस्तर डिस्ट्रिक्ट आंध्रा एसोसिएट 21-21 हजार, पंजाब सनातन धर्म सभा, 360घर आरण्यक ब्राह्मण समाज, झरिया साहू समाज, अग्रवाल समाज जगदलपुर, विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति, बस्तर जिला मिथिला मंडल, उमर वैश्य समाज, देवांगन समाज, गायत्री परिवार महिला मंडल, सर्व हिन्दू समाज, गुजराती समाज, मैत्री संघ, मुकेश कुमार सिंह (सी.जी. सुलभ), उत्कल समाज, सम्पत झा, आशिष कोडोपी 11-11 हजार, महेश्वरी समाज, कायस्थ समाज, मनोहर लुनिया 51-51 सौ , न्यू गुप्ता टेड्रर्स, सत्य प्रकाश यादव, उमेश साव, शंकर राम 5-5 हजार, अनिता राज 3100 रुपये, राधिका माइंस 7500, तनीस गोयल 2100, गेल्वे टीम ब्रदर्स एसोसिएट, छ.ग. अधिकारी एवं कर्मचारी संघ 15-15 सौ, चन्द्रशेखर झा 11 सौ,



विभा सिंह सिंघल, राजेश मिश्रा 501-501, प्रेम श्रीवास 500, तेजपाल शर्मा, पी.के.वर्मा 101-101 सहयोग मिला।


वहीं दीप, बाती एवं तेल सामग्री के रूप में चैतन्य संर्कितन मण्डल ( शनि मंदिर) 1500 लीटर तेल, राजपाल केशर 3000 दीया, झरना महंती 101 दीया एवं बाती, साहू समाज, तेतरखुटी 1 टीन तेल, 1001 बाती, 1000 दीया, पतंजलि मनोज पानीग्राही 1,31,000 बाती, 2 लीटर तेल, 50 दीया, नगर पश्चिम मंडल भाजपा 5 टीन तेल 101 दीया, रतन व्यास 51 दीया, कादंबरी संस्था 1 लीटर तेल-101 दीया बाती, नेहा ग्रोवर 51 दीया, संतोष राव 196 बाती, शारदा मंडावी 101 दीया, 102 पैकेट बाती, छ.ग. भोजपुरी परिषद समाज 1,00,001 बाती, मैत्री संघ, विद्या निकेतन 301 दीया, पारुल, नवीन बोथरा 11,111 दीया, 11,111 बाती, सौम्या एवं प्रिया नगर गुड़ी 4 बोतल तेल, 12 पैकेट बाती, मोती बाई सेठिया 853 दीया, ललिता कश्यप 100 बाती, राहुल राय संजय बाजार 100 कैरेट, जैन बंधु मोमबत्ती, अनिल लुक्कड़ द्वारा प्रतिभागियों हेतु प्राईज, मोमेंटों, अमित ट्रेडर्स चाक एवं मोमबत्ती, सरयुपारी ब्राहम्ण सामाज माचिस, चाक, मोमबत्ती।

दीपोत्सव की तैयारी में जुटे सहयोगियों, कर्मचारी के नाश्ता, भोजन की व्यवस्था रोटरी क्लब एवं बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा भवन सिंधी समाज द्वारा निःशुल्क प्रदान किया गया। नगर निगम पार्षद पारुल बोथरा, रोशन सिसोदिया एवं कुबेर देवांगन द्वारा अपने पार्षद निधि से 50-50 हजार प्रदान करने की घोषणा की गई। संचालन विधुशेखर झा एवं बृज धुर्वे ने किया। महापौर और नगर निगम ने सभी दान दाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बालाजी मंदिर के पूजा मंडप में भगवान का फूलों से किया अलंकरण

# महिलाओं ने की कुमकुम पूजा मांगी सुहाग की लंबी आयु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के बालाजी मंदिर में वार्षिक महोत्सव के पांचवे दिन सुबह से पूजा-अर्चना शुरू हुई। सुप्रभात पूजा के बाद पूजा मंडप में भगवान का फूलों से अलंकरण कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंदिर परिसर में कुमकुम पूजा की। मंदिर में चल रहे 7 दिवसीय आयोजन के पांचवें दिन हुई कुमकुम पूजा के लिए टेंपल कमेटी की ओर से पूजन सामग्री दी गई, महिलाओं ने अपने सुहाग एवं परिवार की दीघार्यु के लिए कुमकुम पूजा की। कुमकुम पूजा में मंदिर परिसर में 1 हजार से महिलाओं ने भाग लिया। पूजा विधान आंध्रप्रदेश से पंडित रामाचायुर्लु एवं साथी पंडितों ने संपन्न करवाया। बता दें कि गुरुवार रात में श्रीनिवास कल्याणम महोत्सव संपन्न हुआ। रात डेढ़ बजे तक जारी पूजा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरुवार को ही संपन्न हुए महाअभिषेक के बाद देव प्रतिमाओं को रत्न कवच पहनाए गए। 25 वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर बालाजी मंदिर स्थित भगवान बालाजी, माता आंडाल, माता पद्मावती और श्री गणेश जी की प्रतिमाओं को रत्न कवच धारण करवाए्ए गए हैं। चांदी में जड़ें चमकीले और रंग बिरंगे अमेरिकन डायमंड से बने कवच से सुसज्जित देव प्रतिमायें श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस अवसर पर भगवान बालाजी की प्रतिमा को पहनाए गए स्वर्ण मुकुट के दर्शन हेतु भी भक्त मंदिर पहुंच रहें हैं। टेंपल कमेटी ने बताया कि वार्षिक महोत्सव के समापन तक प्रतिमाओं को इस विशेष सजावट के साथ ही रखा जाएगा।

### हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

शुक्रवार शाम मंदिर परिसर में नृत्य एवं भजन संध्या आयोजित की गई। रायपुर से आए कत्थक नृत्य समूह की बालिकाओं ने अपने शानदार नृत्य से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। शहर के भजन गायकों ने भी अपनी भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दस बजे तक जारी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।




# राष्ट्रीय कैरम स्पर्धा में बस्तर की खिलाड़ियों ने छग का किया प्रतिनिधित्व, बने उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर द्वारा लखनऊ में 23 से 25 जनवरी से 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद कैरम चैंपियनशिप आयोजित किया गया। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की टीम उप विजेता रही, जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के जगदलपुर क्षेत्र के परियोजना संभाग के कमलेश ठाकुर एवं मॉरीशस मार्लिन, कोरबा पश्चिम क्षेत्र से विनोद राठौर, बिलासपुर क्षेत्र से सुजीत कुमार मोदी, रायपुर सेंट्रल क्षेत्र से सुशांत कटकवार, दुर्ग क्षेत्र से पी.नागेश्वर राव इन खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भारत देश की 10 राज्यों ने हिस्सा लिया था, जिसमें आसाम, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक से 2 टीम रही। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु के बीच खेला गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के एस मनोतिया अध्यक्ष केंद्रीय विद्युत खेल परिषद, उत्तरप्रदेश पावर सेक्टर के निदेशक जॉन मथाई शामिल रहे।

- पावर सेक्टर का लखनऊ में हुआ 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद कैरम चैंपियनशिप



# गरुड़ का दिव्य दर्शन कर अभिभूत हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अनूठे संगम के साथ श्री अय्यप्पा सेवा संघम द्वारा आयोजित वार्षिक महोत्सव अपने चरमोत्कर्ष पर है।

- अय्यप्पा मंदिर के वार्षिक महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब
- केरल के बाद जगदलपुर में गरुड़ आव्हान की अद्भुत परंपरा



शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में भक्तों ने गरुड़ दर्शन किया, आकाश में मंगलकारी गरुड़ ने दर्शन दिए, पूरा परिसर स्वामी शरणम अय्यप्पा के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिहं देव और महापौर संजय पांडे सहित शहर के गणमान्य नागरिक भी पहुंचे। मंदिर के पुजारियों के अनुसार सबरीमाला (केरल) के बाद जगदलपुर का यह मंदिर एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां वार्षिकोत्सव के दौरान गरुड़ दर्शन की यह दुर्लभ परंपरा जीवित है। पिछले 38 वर्षों से उत्सव बलि पूजा के दौरान गरुड़ का आगमन भक्तों के लिए सुख-समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है। शुक्रवार सुबह से ही पल्लि उणर्तल, अभिषेक और गणपति होम के साथ अनुष्ठानों की शुरूआत हुई, जिसमें उत्सव बलि पूजा सबसे महत्वपूर्ण रही। इस 6 दिवसीय महोत्सव की गरिमा बनाए रखने के लिए केरल से तीन विशेष पुजारी जगदलपुर पहुंचे हैं। सेवा संघम के सदस्यों ने बताया कि दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार केरल के विद्वान पुजारियों के मार्गदर्शन में ही सभी शास्त्रीय विधान संपन्न कराए जा रहे हैं, ताकि सबरीमाला जैसी शुद्धता और सात्विकता बनी रहे।

# धनपुंजी विद्यालय में वार्षिक उत्सव पर जमकर नाचे बच्चे

जगदलपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में शाला वार्षिक उत्सव का आयोजन एवं 77 वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। जिसमें खेलकूद बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एसएमडीसी के सांसद प्रतिनिधि सदस्य सूरज नाग ने किया। बच्चों को चार हाउस में बांटा गया एवं उनके बीच स्पर्धा करवाई गई। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।






# 0.852 घन मीटर सागौन काष्ठ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग दंतेवाड़ा द्वारा जिले में अवैध लकड़ी तस्करी एवं काष्ठ चिरान पर रोक लगाने हेतु लगातार गश्त एवं सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तीन दिनों के भीतर यह वन विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। दंतेवाड़ा वनमण्डल अंतर्गत गीदम वन परिक्षेत्र के ग्राम गुमड़ा (रायपारा) में गोपनीय सूचना के आधार पर सहदेव पिता स्व. मासो राम के घर तलाशी के दौरान हाथ आरा से चिरान करते हुए सागौन प्रजाति की लकड़ी बरामद की गई। मौके से 30 नग चिरान फारा, कुल 0.852 घन मीटर सागौन काष्ठ जब्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के निर्देशन में, वनमण्डलाधिकारी रंगानाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में तथा उपवनमण्डलाधिकारी गीदम व्ही.एन. नाग के नेतृत्व में गीदम वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्योत्सना पाण्डे एवं उनकी टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति को समझाइश दी गई तथा ग्रामीणों से अवैध कटाई एवं काष्ठ चिरान से दूर रहने की अपील की गई। इस कार्रवाई को सफल बनाने में वनरक्षक लक्ष्मीप्रसाद चालकी, राहुल नाग, महेश मरकाम, उमेश कुमार नेगी, सुशीला पैकरा, उड़नदस्ता दल प्रभारी भूषण नेताम (वनपाल), दानसिंह वट्टी (वनपाल) सहित अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।



